मोहम्मद हसन को हराकर टीडी कालेज बना चैंपियन

अंतर महाविद्यालय बास्केटबाल प्रतियोगिता में ट्राफी के साथ मेजबान टीडी कालेज की टीम • जागरण

जागरण संवाददाता, जौनपुर : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालयीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में तिलकधारी महाविद्यालय ने मोहम्मद हसन पीजी कालेज को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की जुड़े चार महाविद्यालयों की टीमों ने ही हिस्सा लिया।

तिलकधारी महाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच टीडी कालेज और पीजी कालेज गाजीपुर के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में टीडी कालेज ने गाजीपुर को 70-20 के अंतर से पराजित किया। दूसरे मैच में मोहम्मद हसन पीजी कालेज ने बयालसी पीजी कालेज को 57-40 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच में टीडी कालेज ने मोहम्मद हसन पीजी कालेज को 77-58 के अंतर से पराजित किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका जिला क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा, कार्तिक व मुकेश पांडेय ने निभाई। मुख्य अतिथि टीडी कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह ने विजेता टीम के कैप्टन अनिकेत सिंह सहित खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कहा कि हारने वाली टीम अपनी गलतियों का आंकलन कर सुधार करें और विजयी खिलाड़ी आगे बढ़ने के लिए और मेहनत करें। इस मौके पर प्रबंध समिति के संजय सिंह, वरिष्ठ खिलाड़ी वेद प्रकाश सिंह, रहमतुल्ला, डाक्टर राजेश सिंह, नवीन सिंह, अमित सिंह डब्बू, कुंवर शशांक सिंह आदि मौजूद रहे। आयोजन सचिव डाक्टर शेखर सिंह ने आभार प्रकाश किया।